कार्यालय उप वन संरक्षक, बांसवाड़ा

क्रमांक प. 14( ) एफ.सी.ए. / उवसं / 2022 / 442 दिनांकः– 28-01-2022

निमित्त,
संभागीय मुख्य वन संरक्षक,
उदयपुर।

विषय :– Mahi Banswara Atomic power project (MBRAPP)- 1 to 4 की स्थापना हेतु 100.09 हेक्टेयर वन भूमि प्रत्यावर्तन बाबत् (FP/RJ/Others/22621/2016)

सन्दर्भः– प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हॉफ, राजस्थान, जयपुर EDS Dated 19.01.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन के प्रकरण में सन्दर्भित EDS Dated 19-01-2022 के अनुसार रेंज घाटोल के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु चिन्हित की गयी 200.10 हैक्टेयर परिभ्रांषित वन भूमि का परिमाप अधिक होने के कारण मौके की वास्तविक स्थिति के अनुसार प्रस्तावित परिमाप को यथासंभव कम किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसके क्रम में आप श्रीमान् से दुरभाष पर हुई वार्ता में प्राप्त निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु चिन्हित की गयी 200.10 हैक्टेयर परिभ्रांषित वन भूमि का अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 20.01.2022 को क्षेत्रीय वन अधिकारी, घाटोल, संबंधित हल्का स्टॉफ एवं सर्वेयर कार्यालय हाजा के साथ मौका निरीक्षण किया गया है। बाद मौका निरीक्षण श्रीमान् के निर्देशानुसार पूर्व में प्रस्तावित किये गये फेन्सिंग कार्य को मौके की वास्तविक स्थिति एवं आवश्यकता के अनुसार यथा संभव कम करते हुए तथा निर्धारित मॉडल में दिये गये प्रावधानों के अनुसार कार्यस्थल हेतु आवश्यक अन्य कार्यों को भी समाहित करते हुए संशोधित प्राक्कलन तैयार करवाया गया है। वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित की गई वन भूमि का चयन इस प्रकार से किया गया है कि अतिक्रमण की दृष्टि से संवेदनशील वन क्षेत्र को यथासंभव अधिक से अधिक रक्षित किया जा सके। संशोधित प्राक्कलन को ऑनलाईन अपलोड कर दिया गया है, जिसकी हार्ड कॉपी 4 प्रतियों में इस पत्र के साथ आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(हरि किशन सारस्वत)
उप वन संरक्षक,
बांसवाड़ा

क्रमांक प. 14( ) एफ.सी.ए. / उवसं / 2022 / दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रोटेक्शन एवं नोडल अधिकारी, एफसीए, राजस्थान, जयपुर।
2. क्षेत्रीय वन अधिकारी, घाटोल।

उप वन संरक्षक,
बांसवाड़ा

D:\FCA\Mayank\NPCIL\NPCIL.docx